ईसरदा पेयजल परियोजना के लिये 6 नए कार्यालयों के गठन को मंज़ूरी

चर्चा में क्यों?

26 अक्टूबर, 2022 को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ई.आर.सी.पी.) के अंतर्गत ईसरदा पेयजल परियोजना के लिये 6 नवीन कार्यालयों के गठन के प्रस्ताव को मंज़ूरी दी। ये कार्यालय दौसा ज़िले में खोले जाएंगे।

प्रमुख बिंदु

- पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ई.आर.सी.पी.) के अंतर्गत ईसरदा पेयजल परियोजना का निर्माण दौसा व सवाई-माधोपुर ज़िलों में पेयजल आपूर्ति के लिये किया जा रहा है।
- 3651 करोड़ रुपए की ईसरदा पेयजल परियोजना से दोनों ज़िलों के 1256 गाँवों तथा 6 शहरों में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।
- मुख्यमंत्री ने 6 नवीन कार्यालयों में अतिरिक्त मुख्य अभियंता के 1, अधीक्षण अभियंता के 1, अधिशासी अभियंता के 6, सहायक अभियंता के 14 सहित कुल 65 पदों के सृजन के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है।
- मुख्यमंत्री ने नवीन कार्यालयों में फर्नीचर व अन्य ज़रूरी सामान उपलब्ध कराने हेतु 18 लाख रुपए की राशि भी स्वीकृत की है। उक्त स्वीकृति से ईसरदा जल परियोजना के प्रभावी क्रियान्वयन में सहायता मिलेगी तथा समयबद्ध तरीके से योजना के पूरण होने पर क्षेत्र में आमजन को निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/6-new-offices-for-isarda-drinking-water-project